-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थानों द्वारा स्कूलों/कालेजों/कस्बों में आयोजित किए गए जागरुकता कार्यक्रम।**
- **अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा कस्बा अतर्रा के अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में छात्राओं को किया गया सम्बोधित।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 29.11.2024 को जनपद बांदा में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बांदा पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा थाना अतर्रा क्षेत्र के अतर्रा पोस्ट ग्रेजएट कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित किया गया साथ ही शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं व हेल्प लाइन नम्बरों के साथ-साथ बाल-विवाह एवं वर्तमान हो रहे साइबर अपराधों के सम्बन्ध में भी छात्राओं को जागरुक किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव, कॉलेज के प्रधानाचार्य ए.सी.मिश्रा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 पंकजा शर्मा व डॉ0 अनिता शर्मा, संयोजक डॉ0 नमिता अग्रवाल, डॉ0 मैथिली सिंह, डॉ0 शिखा सिंह, डॉ0 पूनम, डॉ0 कीर्ति सिंह गौर सहित थानाध्यक्ष अतर्रा श्री कुलदीप कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति जागरुकता अभियान चलाकर छात्राओं/महिलाओं को महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई व साइबर अपराधों के सम्बन्ध में भी लोगों को जागरुक किया गया।